## Regarding local train service in Palghar district, Maharashtra

**डॉ. हेमंत विष्णु सवरा (पालघर) :** धन्यवाद सभापति महोदय, मैं आपके माध्यम से माननीय रेल मंत्री महोदय का ध्यान पालघर जिले की अत्यंत महत्वपूर्ण समस्या की ओर आकर्षित करना चाहता हूं । पालघर जिले में दहानू के बाद घोलवड़, बोरडी और उंबरगाव की तरफ कोई ट्रेन सेवा नहीं चलती है । वर्तमान में लोकल सेवा धानूक तक ही सीमित है, जिससे बोरडी, घोलवड़ और उंबरगाव के यात्रियों को अत्यधिक असुविधा होती है ।

माननीय सभापति महोदय, इन क्षेत्रों के पेशेंट, विद्यार्थी और नौकरी करने वाले लोग उंबरगाव की ओर जाते हैं और प्रतिदिन यात्रा करते हैं । मेरी मांग है कि लोकल ट्रेन सेवा धानुक से आगे घोलवड़, बोरडी और उंबरगाव तक बढ़ा दी जाए । 59046 ? वलसाड-विरार पैसेंजर ट्रेन को पुराने समय पर चलाकर घोलवड़ पर ठहराव दिया जाए । 09056 ? उधना-बांद्रा सुपरफास्ट एक्सप्रैस ट्रेन, जो शनिवार से बुधवार चलती है, गुरूवार और शुक्रवार को भी चलाकर घोलवड़ पर स्टॉपेज दिया जाए । घोलवड़ स्टेशन पर एस्कलेटर, लिफ्ट, वॉटरशेड और रिटर्न टिकट की सुविधा करके प्लेटफार्म क्रमांक-1 अप ट्रेन के लिए यूज़ किया जाए । धन्यवाद ।